**PRINT**

# सन्मार्ग

| Regional News Paper | Edition: (Ranchi) Jharkhand | Circulation: 111782 |
| --- | --- | --- |
| Date: 22.07.2026 | Page No -- | Serial No.: |

# दो दिनों में 114 टन अवैध कोयला जब्त

## सीआईएसएफ-ईसीएल ने की बड़ी कार्रवाई, जीरो कोल लीकेज अभियान से कोयला माफियाओं पर बढ़ा दबाव

**जितेन्द्र, सन्मार्ग संवाददाता**

**सांकतोड़िया :** अवैध कोयला खनन, चोरी और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे भारत सरकार के 'जीरो कोल लीकेज' अभियान के तहत सीआईएसएफ और ईसीएल सुरक्षा विभाग ने दो दिनों के भीतर बड़ी संयुक्त कार्रवाई करते हुए लगभग 8 लाख रुपये की 114 मीट्रिक टन अवैध कोयला एवं एक ट्रैक्टर जब्त किया है। लगातार हो रही इस सख्त कार्रवाई से अवैध कोयला कारोबार से जुड़े गिरोहों में हड़कंप मच गया है। विश्वसनीय गुप्त सूचना के आधार पर सीआईएसएफ एवं ईसीएल सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीमों ने मुगमा, मोहनपुर, चित्रा, राजमहल, कुनुस्तोरिया और सोनपुर बाजारी क्षेत्रों में एक साथ समन्वित अभियान चलाया। विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से खनन कर जमा किए गए कोयले को जब्त करते हुए पूरी कार्रवाई खनिज एवं खनन (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर एक्ट) के तहत की गई।

**मुगमा क्षेत्र में सबसे बड़ी सफलता :** संयुक्त अभियान में सबसे बड़ी सफलता मुगमा क्षेत्र में मिली, जहां से 90 मीट्रिक टन अवैध कोयला बरामद किया गया, जबकि राजमहल क्षेत्र से 11.840 मीट्रिक टन, मोहनपुर से 9.540 मीट्रिक टन, चित्रा से 3.280 मीट्रिक टन, सोनपुर बाजारी से 1.200 मीट्रिक टन तथा कुनुस्तोरिया क्षेत्र से 1.050 मीट्रिक टन अवैध कोयला जब्त किया गया। अभियान के दौरान अवैध परिवहन में प्रयुक्त एक ट्रैक्टर भी जब्त किया गया।



जब्त कोयला के साथ सीआईएसएफ के जवान व अधिकारी

सीआईएसएफ कमांडेंट राहुल सिंह गौतम के नेतृत्व में चलाया जा रहा अभियान लगातार प्रभावी साबित हो रहा है। ईसीएल सुरक्षा विभाग के साथ समन्वित कार्रवाई के कारण अवैध खनन, कोयला चोरी और अवैध परिवहन के मामलों में लगातार बड़ी बरामदगियां हो रही हैं। इससे कोयला माफियाओं के नेटवर्क पर दबाव बढ़ा है और उनके लिए अवैध कारोबार संचालित करना पहले की तुलना में काफी कठिन हो गया है। सीआईएसएफ कमांडेंट राहुल सिंह गौतम ने कहा कि भारत सरकार की प्राथमिकता राष्ट्रीय संपदा की सुरक्षा और कोयला उत्पादन व्यवस्था को अवैध गतिविधियों से मुक्त रखना है। इसी उद्देश्य से सभी कोयला क्षेत्रों में निगरानी व्यवस्था और खुफिया तंत्र को और मजबूत किया गया है।